# DEV SANSKRITI COLLEGE
## OF EDUCATION & TECHNOLOGY

Khapri, Dhamdha Road, Durg (Chhattisgarh)

Accredited with B+ Grade by NAAC

E-Mail Id – officedscet@gmail.com

# वार्षिक प्रतिवेदन
## (Annual Report)

सत्र : 2024–25

प्रस्तुति

श्रीमती ममता दुबे

प्रभारी प्राचार्य

# महाविद्यालय का परिचय

देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी ग्राम–खपरी, पोस्ट–जेवरा सिरसा, धमधा मेन रोड, जिला–दुर्ग में स्थित है। महाविद्यालय का संचालन वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति द्वारा 2007 से किया जा रहा है। हमारा महाविद्यालय रेलवे स्टेशन से महज 6 किमी. की दूरी पर व IIT कुटेला भाठा भिलाई से 2 किमी. की दूरी पर स्थित है। महाविद्यालय का स्वयं का विशाल भवन सर्वसुविधायुक्त संरचना के साथ–साथ बहुत सुंदर उद्यान जो कि प्लास्टिक तंबाकू मुक्त परिसर में उपस्थित है साथ ही साइकिल स्टैंड व आऊटडोर खेलों के लिए विशाल खेल का मैदान भी उपलब्ध है। हमारे महाविद्यालय का मुख्य सिद्धांत **'तमसो मा ज्योर्तिगमय'** अर्थात् **'हे प्रभु'।** 'हमें अज्ञानता से ज्ञान की प्रकाश की ओर ले चलो' है। इस सिद्धांत के अन्तर्गत ही हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का प्रकाश प्रज्जवलित करता है। सत्र 2021–22 में हमारे महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया हुई जिसमें महाविद्यालय को B+ ग्रेड प्राप्त हुआ। महाविद्यालय परिसर में सत्र 2022 से मेडिसिनल गार्डन का भी निर्माण किया गया जिसमें विभिन्न औषिधीय पौधों को संग्रहित किया गया है, जो कि कोरोनाकाल की एक बहुत बड़ी मांग थी।

हमारे महाविद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तग्रत कम्प्यूटर प्रशिक्षण योगा, पर्सनाल्टी डेवलपमेंट, व इंग्लिश कम्यूनिकेशन के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। सत्र 2018–19 से महाविद्यालय में केंचुआ खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है व आसपास के ग्रामीण विद्यालयों में कीटनाशकों के उपयोग व प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं।

हमारे महाविद्यालय द्वारा विभिन्न संस्थाओं के साथ MOU समय – समय पर महाविद्यालय में इन संस्थाओं के साथ विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है। हमारे महाविद्यालय में विभिन्न धर्म, जाति व समुदाय के विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं परंतु हमारे आध्यात्मिकता व मौलिकता पर आधारित ज्ञान के द्वारा वे बेहतर इंसान बनकर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। IQAC की स्थापना के पश्चात महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण में वृद्धि व विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा में सर्वांगीण विकास भी किया जाता है।

# प्राध्यापक सूची

| S.No. | Name of the teacher | Designation | Nature of appointment | Name of Dept. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Jyoti Sharma | Principal | Temporary | |
| 2. | Mrs. Mamta Dubey | Assit.Prof | Permanent | Computer Sci. |
| 3. | Mr. Jaihind Kachhoriya | Assit.Prof | Temporary | Computer Sci. |
| 4. | Mrs. Priyanka Pandey | Assit.Prof | Temporary | Computer Sci. |
| 5. | Miss Afrin | Assit.Prof | Temporary | Commerce |
| 6. | Mr. Amit Kumar Agne | Assit.Prof | Permanent | Commerce |
| 7. | Miss. Preeti Janghel | Assit.Prof | Temporary | Commerce |
| 8. | Mrs. Jyoti Purohit | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 9. | Mrs. Reena Manikpuri | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 10. | Mrs. Kirtilata Soni | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 11. | Mrs.Prity Pandey | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 12. | Mrs.Varsha Sharma | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 13. | Miss. Chitrarekha Raghuvanshi | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 14. | Mrs. Vandana Kosre | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 15. | Mrs. Harnoor Kaur | Assit.Prof | Temporary | English |
| 16. | Mrs. Varsha Yadav | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 17. | Mrs. Dhaneshwari Sahu | Assit.Prof | Temporary | Arts/Edu. |
| 18. | Mr. Laxmi Narayan | Assit.Prof | Temporary | Art Edu. |
| 19. | Mrs. Babita Singh | Assit.Prof | Temporary | Education |

# गैर शैक्षणिक सूची

| S.No. | Name of the Staff | Post |
|---|---|---|
| 1) | Mr. Vinod Nair | Accountant |
| 2) | Mr. Ganesh Sahu | Office Superintendent |
| 3) | Miss. Rameshwari Sahu | Librarian |
| 4) | Mr. Parmanand Gautam | Office Assistant |
| 5) | Mr. Sujeet Kumar | Data Entry operator |
| 6) | Miss. Shrimalli | Sports Officer |
| 7) | Mr. Sagar | Driver |
| 8) | Smt. Nirmala | Sweeper |
| 9) | Smt. Hema | Sweeper |
| 10) | Smt. Satrupa | Sweeper |
| 11) | Smt. Pratima Bai | Sweeper |
| 12) | Smt. Sarojani Bai | Sweeper |
| 13) | Smt. Sunita Bai | Sweeper |

# सांस्कृतिक गतिविधियॉ

हमारे महाविद्यालय में प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। इस वर्ष आयोजित होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :–

- दिनांक 14.08.2024 को सावन माह के अवसर पर शिव रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया।
- दिनांक 07.09.2024 को गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई।
- दिनांक 08.10.2024 को दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में हवन पूजन का आयोजन किया गया।
- दिनांक 09.10.2024 को नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य पर गरबा स्पेशल का आयोजन किया गया।
- 24 अक्टूबर 2024 दीपावली पर्व के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, मिट्टी के कलश एवं दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।
- दिनांक 14.11.2024 का महाविद्यालय में मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय में 3 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी के अवसर पर पूजा किया गया।
- दिनांक 13.03.2025 को होली का उत्सव मनाया गया।
- दिनांक 05.04.2025 चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में हवन पूजा कराया गया।

# पाठयेत्तर गतिविधियाँ

- दिनांक 12.08.2024 को पुस्तकालय विज्ञान संकाय द्वारा पुस्तकालय दिवस का आयोजन किया गया।
- दिनांक 14.09.2024 को हिन्दी दिवस महाविद्यालय में आयोजन किया गया एवं कला संकाय द्वारा ग्रामीण रोजगार के अवसर विषय पर एकदिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर दिनांक 10.10.2024 को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 26.11.2024 को वाणिज्य संकाय द्वारा 'शेयर बाजार में निवेश की रणनीति है' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- 18 जनवरी 2025 को शिक्षा संकाय द्वारा सामुदायिक शिविर का अयोजन किया गया।

- दिनांक 09.04.2025 को महाविद्यालय में बी.एड. संकाय द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## सहपाठयेत्तर गतिविधियाँ

- दिनांक 07.10.2024 को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग स्तर पर जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत पेंटिंग (चित्रकला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय– ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान है।
- दिनांक 13.11.2024 को महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।
- दिनांक 14.11.2024 को अंर्तमहाविद्यालयीन युवा महोत्सव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग स्तर द्वारा वाद–विवाद, मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 30 नवम्बर 2024 को महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।
- 28 फरवरी 2025 को वार्षिक उत्सव का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।
- महाविद्यालय में दिनांक 10.04.2025 को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

## खेलकूद गतिविधियॉ

- इस वर्ष 2024–25 में दिनांक 13.09.2024 से 15.09.2024 तीन दिवसीय 21वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित हुआ। जिसमें बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा रिम्पल साहू 1500 मी. में तीसरा स्थान (कास्य पदक) प्राप्त किया। बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल ने 1500 मी. दौड़ में रजत पदक व 3000 मी. दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

- 05 नवम्बर 2024 को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन क्रॉस कंट्री में काजल ने पांचवां स्थान प्राप्त कर आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में चयनित हुई।

# छात्रवृत्तियॉ

हमारे महाविद्यालय में विभिन्न संवर्गो से विद्यार्थी आते है। जिन्हे केंद्र आयोजित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसमें 161 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

# Government Scholarship Scheme (ST/SC/OBC)

| Category | Total No of Student | Amount in Rs |
|---|---|---|
| **OBC** | 97 | 626755 |
| **SC** | 42 | 475515 |
| **ST** | 22 | 270760 |
| **Total** | **161** | **1373030** |

# महाविद्यालय का पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में कुल पुस्तकों की संख्या – 7,187 थी।

| | | |
|---|---|---|
| समाचार पत्रिका | – | 02 |
| पत्रिकाएँ | – | 10 |
| जर्नल्स | – | 07 |
| ई–बुक्स | – | 209 |

# आंतरिक मूल्यांकन

महाविद्यालय में सत्र 2024–25 में समय समय पर विद्यार्थियो के लिए इकाई परीक्षा, अर्द्धवार्षिक परीक्षा व मॉडल परीक्षा का आयोजन किया गया। समग्र आंतरिक मूल्यांकन लिखित परीक्षा व पीपीटी प्रस्तुतीकरण, प्रोजेक्ट कार्य, फील्ड वर्क तथा विभिन्न प्रतियोगिताओ के आधार पर किया जाता है।

# सोसायटी एवं इकाईयॉ
## रेडक्रॉस सोसायटी

हमारे महाविद्यालय में रेडक्रॉस सोसायटी का 20/08/2021 में गठन किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी की प्रभारी श्रीमती सरिता ताम्रकार है तथा सोसायटी के वालेन्टीयर के रूप में महाविद्यालय की छात्र–छात्राएँ भी शामिल है। गतवर्ष रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- 11 जुलाई 2024 को विश्व जनसंख्या दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 05.08.2024 को हरेली त्यौहार के उपलक्ष्य में महाविद्यालय स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ।
- दिनांक 10.08.2024 को वृद्धाश्रम में यूथ रेडक्रॉस सेवा कार्यक्रम हुआ।
- महाविद्यालय में 17 अगस्त 2024 को एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत पौधों को रक्षासूत्र बांधकर पर्यावरण की सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया।
- 09.09.2024 को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
- 11.09.2024 को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय में 21 सितम्बर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।
- दिनांक 28.09.2024 को गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में 'स्वच्छता अभियान सप्ताह' के अंतर्गत ग्राम जेवरा सिरसा के सार्वजनिक परिसरो की साफ–सफाई की गई।
- 3 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर ''संकल्प एक युद्ध नशे के विरूद्ध'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- रेडक्रास सोसायटी द्वारा 02 दिसम्बर 2024 को विश्व एड्स दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय में दिनांक 21.12.2024 को आनंद मेला का आयोजन हुआ।
- 14 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर (एलुमनी Contributaion), Motivational Webinar आयोजित किया गया।

- दिनांक 08.05.2025 को यूथ रेडक्रॉस दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 05 जून 2025 विश्व पर्यावरण दिवस को दिनांक 09.05.2025 को मनाया गया। जिसके अंतर्गत विषय – "Beat Plastic Pollution" पर Online Webinar का आयोजन किया गया।

## महिला सेल

महिला सेल द्वारा महाविद्यालय परिसर में समय समय पर विभिन्न पहलुओं पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो इस प्रकार है–

- महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत दिनांक 17.08.2024 को कैंसर जागरूकता शासकीय माध्यमिक विद्यालय तितुरडीह दुर्ग एवं उच्चतर मा. विद्यालय सिकोला भाठा दुर्ग में आयोजन किया गया।
- दिनांक 05.02.2025 को विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर जागरूकता का कार्यक्रम महिला सेल द्वारा बेस्ट प्रेक्टिस के अंतर्गत देव संस्कृति विद्यालय एवं महाविद्यालय खपरी दुर्ग में किया गया।
- दिनांक 10 मार्च 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देव संस्कृति महाविद्यालय खपरी दुर्ग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग जिले की महापौर श्रीमति अलका बाघमार, प्रतिष्ठित स्त्रीरोग विशेषज्ञ श्रीमति मानसी गुलाटी एवं डीएसपी ट्रैफिक सुश्री रिचा मिश्रा उपस्थित थीं।

## यौन उत्पीड़न शिकायत निवारण समिति

महाविद्यालय में महिला कर्मचारियों व छात्राओ के लिए ANTISAXUAL HARASSMENT CELL संचालित है, जिसमें वे अपनी आंतरिक समस्याओ का निवारण कर सकती है।
एंटी सेक्सुअल हरासमेंट सेल के तहत दिनांक 09.04.2025 को यौन उत्पीड़न संबंधी जानकारी प्रदान करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। समिति की सतर्कता से सत्र 2024–25 के दौरान कोई भी शिकायत का मामला दर्ज नही हुआ है।

## रैगिंग विरोध समिति

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर को पूर्णतः रैगिंग मुक्त बनाने के लिए रैंगिंग विरोधी समिति गठित की गई है। महाविद्यालय में प्रवेश के समय ही रैगिंग विरोधी कानूनो के बारे में छात्र–छात्राओं को अवगत कराया जाता है।
दिनांक 09.10.2024 को एंटी रैगिंग सेल के द्वारा छात्रों से एंटी रैगिंग फॉर्म भरवाया गया और उन्हें इसके बारे में जागरूक किया गया। समिति की सर्तकता के कारण सत्र–2024–25 के दौरान कोई भी रैंगिंग संबंधी मामला संज्ञान में नही आया है।

## शिकायत निवारण समिति

महाविद्यालय में शिकायत निवारण समिति का भी गठन किया गया है, जिसके अन्तर्गत छात्र– छात्राओं के द्वारा शैक्षिक एवं प्रबंधन संबंधी समस्याओं का निवारण किया जाता है। इस सत्र में कुछ शिकायते लिखित रूप में प्राप्त हुई, जिसका निवारण प्राचार्य की उपस्थिति में समिति के द्वारा किया गया।

## शैक्षणिक भ्रमण एवं परियोजना कार्य

इस वर्ष महाविद्यालय के समस्त संकाय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए बारनवापरा अभ्यारण्य जिला – बालोदाबाजार व सिरपुर ले जाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वहाँ के वन्यजीव, वनस्पति एवं पर्यटन के महत्व की जानकारी देना था। साथ ही सिरपुर के प्राचीन मंदिरों एवं पुरातात्विक स्थलों की जानकारी प्रदान करना भी मुख्य उद्देश्य था। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को परियोजना कार्य भी प्रदान किया गया, जिसमें दोनो स्थलों के महत्व एवं विशेषताओं के बारे में जानकारी एकत्र की गई।

## फेकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम

इस वर्ष महाविद्यालय द्वारा फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन दिनांक 15.05.2025 से 21.05.2025 तक IQAC CELL द्वारा किया गया। जिसका विषय "NEP2020" था। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह में प्रो. बंशगोपाल सिंह, पूर्व कुलपति, पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर उपस्थित थे। FDP के प्रथम दिन श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा NEP 2020 की भूमिका के अंतर्गत इनके लक्ष्य, दृष्टिकोण एवं उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर डॉ. जगजीत कौर सलुजा द्वारा NEP 2020 की योजना एवं समस्त सेमेस्टर में क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत

जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा अनुभवनात्मक, समस्यापरक एवं सहभागिता अधिगम के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस पर डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव द्वारा परिणाम आधारित शिक्षा एवं इनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया को विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के पांचवें दिन डॉ. रूपेश कुशवाह द्वारा NEP के साथ संरेखित ICT और AI सहायता प्राप्त विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर डॉ. राजीव चौधरी द्वारा संस्थानों के भीतर अनुसंधान संस्कृति के विकास के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में श्री भूपेन्द्र कुलदीप, कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग उपस्थित थे।

## एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

देव संस्कृति कॉलेज मे दिनांक 25.03.2025 को ''Mental Health and Stress Management" विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य वर्तमान में व्यक्तियों में हो रही अत्यधिक मानसिक अस्वस्थता, तनाव को कम करने के उद्देश्य से रखा गया था एवं कार्यक्रम के सफल संचालन से कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्ण हुआ। कार्यक्रम Hybride Mode पर था, इसलिए ऑनलाइन मोड पर भी जुड़कर विद्यार्थियों ने इसका लाभ उठाया, जिसका प्रस्तुतीकरण महाविद्यालय के Youtube Channel के माध्यम से किया गया।

## एकदिवसीय वेबीनार का आयोजन

दिनांक 23.04.2025 को एकदिवसीय वेबीनार जिसका विषय – एआई टूल्स इन टीचिंग लर्निंग था का आयोजन कम्प्यूटर साइंस संकाय द्वारा किया गया।

## गोद ग्राम योजना

- 09 सितंबर 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गयी।
- दिनांक 28.09.2024 को कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कौशल विकास योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उनके लाभ तथा स्वरोजगार के योग्य कैसे बन सकें, स्वयं का रोजगार कैसे शुरू कर सके, के बारे में जानकारी दी गई।
- 28 सितंबर 2024 को विश्व स्वच्छता दिवस के अवसर पर ग्राम जेवरा के सार्वजनिक स्थानों पर साफ–सफाई किया गया।

- दिनांक 22 फरवरी 2025 को निः शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम जेवरा के नागरिकों का बी.पी., शुगर, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञों के द्वारा निः शुल्क जाँच किया गया।
- **नैतिक जागरण कार्यक्रम :** दिनांक 11.04.2025 को गायत्री शक्तिपीठ दुर्ग के द्वारा मिडिल स्कूल जेवरा के विद्यार्थियों को नैतिक मूल्य के बारे में बताया जिसके अंतर्गत क्या सही है? और क्या गलत है?, क्या अच्छा है?, और क्या बुरा है? आदि बहुत से नैतिक मूल्यों के बारे जानकारी दिया गया।

## MoU के अंतर्गत अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता

दिनांक 24.08.2024 एवं 25.08.2024 को IIT भिलाई में अरविंदो फाउंडेशन व हमारे महाविद्यालय की सहभागिता के अंतर्गत Sustainable Technology, Innovation and Asian Challenges to Sustainability विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के दो प्राध्यापकों द्वारा शोध पत्र की प्रस्तुति भी दी गई।

## महाविद्यालय की बेस्ट प्रेक्टिस

**इस वर्ष महाविद्यालय में दो बेस्ट प्रेक्टिस को अपनाया गया, जो इस प्रकार हैं –**

- **गतिविधि आधारित कौशल शिक्षण –** इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण छात्रों में कौशल शिक्षण के प्रति इच्छा जागृत करना है। छात्रों में कौशल शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए गतिविधि पर आधारित कार्यक्रम बी.एड़ के प्रशिक्षणार्थी के द्वारा विभिन्न शा. शालाओं में आयोजित किया जाता हैं। जिसके अंतर्गत दीप सज्जा, मेंहदी प्रशिक्षण, कार्ड बनाना, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट व हेंड वाश बनाने का प्रशिक्षण शामिल है। इसके द्वारा छात्र एक आत्मनिर्भर व्यक्तित्व के रूप में सफलता प्राप्त करता है।
- **महिला सशक्तिकरण –** हमारे महाविद्यालय द्वारा वर्ष 2024–25 में इस प्रेक्टिस के अंतर्गत शा.मा. एवं पूर्व मा. विद्यालय जेवरा सिरसा, शा. मा. स्कूल एवं शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल, शा. हा. से. विद्यालय चिखली दुर्ग एवं देव संस्कृति विद्यालय खपरी दुर्ग में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं कैंसर रोग के प्रति जागरूकता लाना था। क्योंकि इस घातक बीमारी के बचाव हेतु लोगों में जागरूकता लाना आवश्यक है। तभी इस बीमारी से बचाव हो सकता है। इसके लिए महाविद्यालय द्वारा डॉ. मानसी गुलाटी (डायरेक्टर गुलाटी नर्सिंग होम दुर्ग) को आमंत्रित किया गया व इसके कारण बचाव, उपचार आदि पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्राओं व प्राध्यापिकाओं से

फीडबैक फार्म भरवाकर भविष्य में इसी तरह की विभिन्न बीमारियों की जानकारी के लिए कार्यक्रम का आयोजन करने की मांग रखी गई।

## महाविद्यालय की उपलब्धियॉ

- इस वर्ष महाविद्यालय को श्री अरविन्दो फाउंडेशन द्वारा आईआईटी भिलाई में आयोजित ''द प्रोग्रेस ग्लोबल अवार्ड 2024'' में ''उत्कृष्ट समाजिक व सामुदायिक सेवा'' श्रेणी के लिए ग्लोबल अवार्ड 2024 प्राप्त हुआ।
- महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापक कुमारी प्रीति जंघेल ने राज्य पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की।
- इस वर्ष महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक शिक्षा की डॉ. ज्योति दुबे एवं श्रीमती बबीता सिंह द्वारा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोध पत्र की प्रस्तुतिकरण किया गया।

**भविष्य की योजनाऍं–**

- नये पाठ्यक्रम बी.एस.सी. व पीजीडीसीए (सीट वृद्धि) का प्रारंभ किया जाएगा।
- अंर्तराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।
- राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जर्नल्स में सहभागिता किया जाएगा।
- विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण मुद्दों पर कार्य करना।
- राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में पेपर प्रस्तुतीकरण व अध्याय लेखन में वृद्धि।
- विश्वविद्यालय एवं सायकोलॉजिकल फोरम के साथ एमओयु।

अंत में मै महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको, गैर शिक्षक कर्मचारियों, छात्रो, अभिभावको, समस्त प्रशासन विभागों, समस्त पत्रकार बंधुओ, सभी सामाजिक संगठनो और उन सभी विशिष्ट व्यक्तियों को धन्यवाद् देना चाहती हूॅ, जिन्होने समय समय पर अपना सहयोग दिया।

मै सभी विद्यार्थियो और समस्त स्टॉफ की तरफ से मुख्यअतिथि का विशेष रूप से आभार व्यक्त करती हूॅ जिन्होने अपने व्यस्त कार्यक्रम से अपना बहूमूल्य समय निकाला और सभी विद्यार्थीयों को अपना आर्शीवाद दिया व उत्साहित किया। आप के सहयोग, सक्रियता व मार्गदर्शन से महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियॉ प्राप्त की है, व ऊॅचाई की बुलंदियो को छुआ है।

मै सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को बधाई देती हूॅ और उनके समृद्ध भविष्य की कामना करती हूॅ।

Incharge
Dev Sanskriti College of Edu. & Tech
Khapri, Durg (C.G.)

श्रीमती ममता दुबे
प्रभारी प्राचार्य